4. O, Shining Divinity! (Parama Tejomaya) Ruler of all, adorned with three eyes, possessing all powers, holding Triśūl, Paraśu and Brahmāstra, pray remove my fears, protect me from all troubles, ailments and enemies in the same way as you protected Appar (Marulneekiar) and Pillayer from burning fire, poison and drowning!

हे परमतेजोमय । आप सबके अधिपति हैं। आप त्रिनेत्रों से सुशोभित हैं, समस्त शक्तियों से परिपूर्ण हैं, आपके एक हस्त में त्रिशूल, एक में परशु और एक में ब्रह्मास्त्र है जो भक्तों को निर्भयता प्रदान करते हैं और उनके समस्त विघ्नों एवं शत्रुओं से उनकी रक्षा करते हैं । आपने अपने भक्त अपार को अग्नि और विष से बचाया ।

5. By your grace, may we attain the experience of super-taste, super-sight, super-touch, super-sound, super-smell, super-concentration and super consciousness!

हे प्रभु मैं आपके अनुग्रह से दैविक दृष्टि, दैविक स्पर्श दैविकनाद, दैविक सुगन्ध, दैविक ध्यान, निर्विकल्पक समाधि इत्यादि प्राप्त करूं ।

6. My most beloved Lord! Kindly lead me to the Right Path and bestow Right understanding unto me! Grant me what is desirable and beneficial and take away what is undesirable and harmful. Hail, hail to you, thousand times all Hail!

हे भगवन्! मुझे सत् मार्ग की ओर प्रेरित करें, मुझे निर्मल बुद्धि प्रदान कीजिए । मुझे ऐसी वस्तु प्रदान कीजिए जो मेरे हित में हो, जो वस्तु मेरे अहित में हो उसे हरण कीजिए। हे प्रभो । मैं आपको सहस्त्रों बार प्रणाम करता हूँ ।

7. Oh Lord! inspire my intellect, destroy my sorrow, grant me avid interest in Sādhanā or unfolding of spiritual growth! Annihilate all previous fancies (samkārās)! arising in my mind.

हे भगवान्! मेरी बुद्धि को प्रेरणा प्रदान करें । मेरे समस्त कष्टों एवं दुखों का नाश करें । मैं साधना में तल्लीन हो जाऊं एवं मेरा मन निर्विकल्प हो जाए ।

8. O Lord, grant me the vision of the third eye to be able to see this world as your Divine Play!

हे भगवन्! मेरे ज्ञानचक्षु को दृष्टि प्रदान करें जिससे मैं इस संसार में आपका नृत्य देखता रहूँ।

9. Hail! Hail to Lord Śiva. Pray, grant me ability to concentrate. Let my mind be silent, steady, serene, calm and quiet! It tires itself by thinking. let it take rest at your Divine feet!

मैं भगवान् शंकर को बार-बार प्रणाम करता हूँ एवं प्रार्थना करता हूँ कि मेरे मन को शांत, स्थिर एवं कल्पना-रहित करें। मुझे आप अपने चरणों में स्थान दें।

10. O Lord of Sahasrāra Cakra! illuminate my brain with your Divine Light. Draw my Kuṇḍalinī from Mūlādhāra upward and onward, help Her to cross the midway cakras (centres) with ease.

हे सहस्त्र दलचक्र के स्वामी। अपने प्रकाश से मेरी बुद्धि को निर्मल करें और मेरी कुण्डिलनी को मूलाधार चक्र से ऊर्ध्व चक्रों में गमन हेतु सहायता प्रदान करें।

11. Pray, remove my sufferings! Where else can I go? Whom can I approach for redress? You are omniscient, and know the past, present, future and that which is not known to anyone else. It is my ignorance that makes me to repeat my wishes in prayer. But you know for certain what is good for me and what is not in my interest in the long run. My knowledge is limited and meagre! I realise my incompetence! Be kind and gracious! Be merciful! I am full of weaknesses and shortcomings. Pray, do not ignore me as I have taken refuge at your feet and have surrendered myself to you.

हे भगवन्! मेरी समस्त बाधाओं को दूर कीजिए। मैं इन दुःखों को निवारण हेतु कहां जाऊँ ? किससे याचना करूँ ? हर दृष्टि से आप ही देने वाले हैं। आप ही अन्तर्यामी हैं। आप अतीत, वर्त्तमान और भविष्य को जानने वाले हैं। जिसे कोई नहीं जानता आप उसे भी जानते हैं। मैं अपनी अज्ञानता में आपकी प्रार्थना करता रहता हूँ क्योंकि आप शुभ एवं अशुभ को भली-भांति जानते हैं। मेरा ज्ञान अपूर्ण एवं सीमित है। मैं अपनी न्यूनता

को जानता हूँ। एतदर्थ मुझ अज्ञानी पर आप कृपा करें। मैं तो अनेक त्रुटियों एवं न्यूनताओं से भरा हुआ हूं। मैं आपकी शरण में हूं। आप कृपया मुझे विस्मृत न करें।

12. If you are macrocosm, I am microcosm. If you are ocean, I am a drop of water. If you are sun, I am its shining ray. If you are unlimited space, I am an insignificant part of it. In fact I am a spark of your Eternal Fire. Pray do not forsake me! Help me to come back to my Source!

जो पिन्डे सो ब्रह्माण्डे ! यदि आप सागर हो तो हम एक बून्द हैं, आप सूर्य हैं तो मैं एक किरण हूँ। यदि आप आकाश हैं तो मैं उसका एक सूक्ष्म भाग हूँ। वस्तुतः मैं आपका ही एक अंश हूं। आप मुझ पर कृपा करें। ताकि मैं अपने स्वरूप में लीन हो जाऊं।

13. Hail, Hail to you, thousand times all Hail! You are the prompter, the cause of thought that arises in my mind. From thought action is born and because of my actions I born again and again. Pray incite me to such attitude and action that may lead me to liberation from bondage of action.

हे भगवन्। मैं आपको अनन्त बार प्रणाम करता हूँ। आप प्रेरणा के स्रोत हो एवं मेरे हृदय में संकल्प जागृत करते हो। क्योंकि संकल्पों से कर्म का उदय होता है। एवं कर्मों से बंधकर प्राणी आवागमन के जाल में लिप्त हो जाता है। आप कृपया मुझ पर ऐसी कृपा करें ऐसा मार्ग प्रशस्त करें कि मैं कर्मबन्धन से मुक्त हो जाऊं।

14. I prostrate before you! I dedicate myself to you! I adore and worship you! I submit and surrender to you! I beseech you! I adore you! Let me be yours for ever!

मैं आपके चरणों में दण्डवत् प्रणाम करता हूँ। मैं स्वयं को आपके प्रति समर्पित करता हूँ। मैं विनम्र होकर प्रार्थना करता हूँ कि आप मुझे स्वीकार करें।

15. If I am unworthy, make me worthy. If I am downtrodden lift me up. If I am gripped by the pleasure of senses, give me a taste or glimpse of that pleasure which is beyond the senses! I do not know japa, tapa or dhyāna (repetition of name, austerity

and concentration). I am a novice and can make no claim to know technique of worship! I seek your Grace and Guidance! Aum Śivoham! Śivoham! Śivoham!

हे भगवन् । यदि मैं अयोग्य हूं तो आप मुझे योग्य बनायें । यदि मेरा पतन हो चुका है तो आप मुझे सत् मार्ग पर लायें । यदि मैं विषयासक्त हो गया हूँ तो मुझे आप मुक्त करें । जब मैं देव की भक्ति के रसामृत का पान करूंगा तो निश्चित ही इन्द्रिय सुख मुझे तुच्छ लगेगा । मैं जप, तप एवं ध्यान से अनभिज्ञ हूं, मैं अपूर्ण हूं । मैं योग एवं ध्यान को सम्यक् प्रकार से जानने का विश्वास भी नहीं दे सकता । इसलिए मैं आपके अनुग्रह का अभिलाषी हूँ ।

16. May you infuse full faith and devotion in my heart! May I shed sweet tear of love and ecstasy in repeating your glories! My tiny heart may melt and my restless mind may become calm, thoughtless and tranquil like a placid lake without waves ! May my ego consciousness merge in the Cosmic Consciousness!

आप मेरे हृदय में अपार श्रद्धा एवं प्रेमबीज का रोपण कीजिए और मेरे नेत्रों से प्रेमानन्द के रसपूर्ण अश्रू आपकी नित्य प्रशंसा में निर्झर रूप से बहते रहे । मेरा यह कोमल हृदय द्रवित हो जाये एवं मेरा हृदय शान्त एवं निर्विकल्पकहो जाये जिसमें कोई आकांक्षा न उत्पन्न हो । मेरा अहम् भाव समाप्त होकर अनन्त चेतना में संलिप्त हो जाये ।

17. Pray keeps me free from worries, calamities, physical ailments and financial stringency so that I may concentrate and meditate on you whole heartedly. If I am suffering from ailment or poverty, much of my time will be wasted and my mind will remain disturbed.

हे प्रभु ! आप मुझे तन-मन की समस्त चिन्ताओं से मुक्त रखें ताकि मेरा मन एकाग्रचित होकर आपके ध्यान में मग्न हो जाये । क्योंकि मैं यदि रोग एवं निर्धनता से पीड़ित हो गया तो मेरा समय इन बाधाओं को दूर करने से आपके चिन्तन में बाधा आएगी ।

18. O Lord ! I am mistaken. I am worried about my baggage which I am carrying over my head. While travelling in a train, it is the vehicle which carries me and my luggage–what a fool am I? When I have surrendered to you, I forget that you will certainly look after me and my needs in a better way.

हे भगवन् ! मैं महामूर्ख, अनेक वस्तुओं के भार को अपने सिर पर रखे हुए हूं । मैं जीवन रूपी रेल में सफर कर रहा हूँ जो मुझे और मेरे सामान को भी ले जा रही है । यदि मैं अज्ञान रूपी उस भार को नीचे रख दूं तो मुझे मुक्ति मिल जाये । मैं महामूर्ख बिना कारण चिन्तित हूं क्योंकि जो प्राणी आपकी शरण में आ जाता है उसकी समस्त बाधायें समाप्त हो जाती है ।

19. My mind is engrossed in the world, in its illusion (māyā), I am enchanted by a beautiful woman. (Even Lord Brahmā lost control of His senses after creating one such woman, and you punished him for that). Only you, my Lord, who reduced to ashes the mighty Kāmadeva, can save me from the snares of a womanly beauty and the pleasure of sex, as both are short-lived. I wasted my life in the pursuit of temporary joy, in acquiring wealth, in rearing children, in the luxury of women's company. I now realised the futility of my engagements. I beseech you, My Lord, to turn my mind to your Holy Feet. I realise that I stand to loose all by going after everything. But by seeking shelter at your Feet, I will regain all my wishes!

हे भगवन् । मेरा यह चंचल मन संसार के विषय चक्रों में लिप्त है, आपकी माया ने मुझे अत्यन्त भ्रमित कर रखा है । मैं सौन्दर्यता को देखकर विचलित हो जाता हूँ । ब्रह्मा स्वंय स्त्री के रूप को निर्मित कर स्वयं उसके रूप यौवन पर मोहित गये फिर आपने ही उन्हें दण्ड देकर सत् मार्ग प्रदान किया । हे भगवन्! आपने कामदेव को भी तपोबल से भस्म कर दिया था और आप ही मुझे स्त्री एवं काम के क्षणिक सुख से बचा सकते हैं । मैंने क्षणभंगुर खुशियों के लिये अपना जीवन व्यतीत कर दिया है । मैं धन एवं परिपोषण में ही व्यस्त रहा । जब मुझमे चेतनता का समावेश हुआ तो तब मेरे जीवन के प्रमुख क्षण गुजर चुके थे । हे प्रभु अभी भी समय है आप मेरे मन को स्थिरता प्रदान कर स्वयं में समाहित करिए क्योंकि आपकी कृपा प्राप्ति के अनन्तर किसी वस्तु की जिज्ञासा नहीं होती है ।

20. Salutation to you! Your name creates panic to all ills. Even those who approach you with worldly desires are blessed and their wishes are fulfilled; ultimately their desires vanish, and they crave for lasting peace.

हे प्रभो ! आपको मेरा शत्-शत् प्रणाम । आपके नामोच्चारण से ही समस्त बाधाएं भयभीत होने लगती हैं । जो आपकी सांसारिक रूप से भी उपासना करते हैं, आप उनकी भी समस्त कामनाएं पूर्ण करते हैं । आपकी कृपा से अन्त में उनकी सांसारिक कामनाएं नष्ट हो जाती है । वह फिर निष्काम भाव से आपकी उपासना करते हैं ।

21. You can turn poison into elixir, distance into nearness, enmity into friendship, barren into fertile. By your grace, a deaf can hear, a lame can climb a hill and a mute can speak fluently. I have grown old, my senses have become weak, my hair have turned white, my limbs are frail. Pray have mercy on me! Grant me strength enough to worship you at the fag end of my life so that this life is not completely wasted!

हे भगवन् ! आप विश्व को भी अमृत बनाने में समर्थ हैं । आप दूरस्थ को सन्निकट करने में समर्थ है । मैं आपकी अदृश्य शक्ति का क्या परिचय दूँ ? आप तो शत्रु को भी मित्र बना देते हैं । आप सर्वशक्तिमान रूप हैं । आपकी कृपादृष्टि से गूंगा वाणी प्राप्त करता है । बहिरा श्रवण शक्ति प्राप्त करता है । अपाहिज पर्वत लाँघने में समर्थ हो जाता है और नेत्रहीन को दृष्टि प्राप्त हो जाती है । हे भगवन् । मैं वृद्ध हो गया हूँ । मेरी समस्त इन्द्रियाँ शिथिल हो गयी हूँ । मेरे केश श्वेत हो गये हैं । कृपा करके मुझे आप ऐसी शक्ति प्रदान कीजिए कि मैं इस अवस्था में आपका भजन कर सकूँ और मेरा यह अमूल्य समय व्यर्थ न चला जाये ।

22. When a gem called Cīntāmani, a tree called Kalpa Vṛkṣa and a cow called Kāmdhenu are said to grant boons and a stone called Pāras is believed to turn iron into gold, I wonder, as Lord of all these and as a creator of the universe, there is nothing which you cannot grant to your devotees! I can doubt Kalpa Vṛkṣa, Kāmadhenu and Pāras, but I have no reason to doubt you, because you are Powerful as well as Merciful - so grant me a boon of your worship and prayer!

हे भगवन् ! जब चिन्तामणि नामक हीरा एवं कल्पवृक्ष और कामधेनु वरदान देने में समर्थ हो सकते हैं और पारस लोहे को स्वर्ण बना सकते हैं । फिर सब को जीवन देने वाले विधाता आप क्या नहीं कर सकते ? मैं कल्पवृक्ष, कामधेनु, पारस पर सन्देह कर सकता हूँ लेकिन आप पर नहीं कर सकता । हे प्रभों ! कृपया आप मुझे अपनी भक्ति प्रदान कीजिए ।

23. I cannot have devotion to you without your Grace! and cannot have Grace without surrender! My senses allure me to the pleasures of the world; and the pleasures seem to be so attractive that all human beings are engrossed in their illusion! After all, it is your Creation! But alas, I forget the Creator in the illusive beauty of His creation, losing sight of the superior and sublime beauty of the Architect! If I get your devotion, your beautiful universe cannot stand in my way of spiritual attainment, as your devotion is more sweet than honey, more joyful than the joy of sex, more beautiful than the damsel of heaven, more rejuvenating than the Sañjīvanī (a herbal medicine of immense value).

आपकी कृपा के अभाव में हमें भक्ति की प्राप्ति नहीं हो सकती, आपके अनुग्रह बिना समर्पणता को प्राप्त नहीं हो सकता , जिन इन्द्रियों के प्रलोभन में सम्पूर्ण संसार आसक्त है वही मुझे अलोभित कर रही है । यह आपकी ही माया है, आपकी विचित्र रचना को देखकर में सृष्टिकर्त्ता को भूल गया हूँ यह कितनी आश्चर्य की बात है । यदि मुझे आपकी शक्ति प्राप्त हो जाये तो संसार की यह सुन्दरता मुझे आकर्षित नहीं कर सकती, क्योंकि आपकी भक्ति मधु से अधिक मधुर, काम से अधिक आनन्द प्रदान करने वाली, स्वर्ग की अप्सराओं से अधिक सौन्दर्य पूर्ण और संजीवनी से अधिक जीवन प्रदान करने वाली है ।

24. I prostrate before you! I pray to you with folded hands. I submit and make obeisance to you! Pray dispel my ignorance! Calm my restless mind! Remove my egoism! Bestow on me your kind and benevolent glance. Fill me with your Love! Make me sing your glories, hear your praises, repeat your name, and meditate on you! If I be born again to clear my worldly obligations, may I be born as your staunch devotee, filled with your love and faith!

मैं आपके चरणों में शीश नमन करता हूँ। मैं करबद्ध प्रार्थना करता हूँ कि मेरे अज्ञान को दूर करें। मेरे चंचल मन को स्थिरता प्रदान करें। मेरे अहंकार को नष्ट करें। और मुझे स्नेह से परिपूर्ण करें। मैं तुम्हारी स्तुति करूँ, तुम्हारा गुणगान करूं, ध्यान करूँ, यदि पुनः जन्म प्राप्त करूँ, तो पुनः आपका ही भक्त होने का श्रेय प्राप्त करूँ।

25. This body is impure and full of sorrow and sufferings, but at the same time, it is a vehicle of the soul and a means to attain the highest goal of salvation. Even devatās (gods) crave for human body. Pray, keep my body fit and engaged in your worship!

यह शरीर अपवित्र है इसमें दुःख और रोग भी हैं। परन्तु यह आत्मा का रथ भी है जिसके माध्यम से परमपद प्राप्त किया जा सकता है। इसीलिए देव भी मनुष्य जन्म की आंकाक्षा करते हैं, हे प्रभो। मेरे शरीर एवं मन को स्वस्थ रखें। जिससे मैं निर्विघ्न रूप से आपकी पूजा में तल्लीन रहूं।

26. As Creator, create love, devotion and faith in me! As Destroyer, destroy my fears, foes, anger, greed and attachment. As Blissful, instill peace in my mind. As Beautiful make me fit to enjoy the beauty of your creation. As Emperor of the universe, make me a good citizen of your kingdom!

आप सृष्टिकर्ता हैं। मुझमें प्रेम, भक्ति एवं श्रद्धा को जागृत करें। आप संहारकर्त्ता भी हैं। मेरे इन दोषों भय, क्रोध, लोभ, मोह, का नाश करें। आप आनन्दमय हो मेरे मन को आनन्दित करें। आप सौन्दर्य से परिपूर्ण हैं। मुझमें सृष्टि की सौन्दर्यता को अनुभव करने की क्षमता प्रदान करें।

27. Fortunately I am born as a human being in the Puṇya-bhūmi of Bhārat (India) with good physique and social status, but my birth will be fruitful only if I am blessed by your love. I will be lucky to devote myself in spiritual pursuits. I pray to you to shower your blessings on me!

भगवत् कृपा से ही मुझे यह मानव जन्म प्राप्त हुआ। वह भी इस पवित्र भूमि भारत में प्राप्त हुआ। आपने इस देह से भी मुझे पूर्ण स्वस्थता प्रदान की एवं अच्छे कुल में जन्म प्रदान किया।

हे भगवन्! यह जीवन तभी तक सफल है जब तक आपके चरणारबिन्दों में मेरा निरन्तर ध्यान स्थिर रहे।

28. Lord of life, By clinging to your lotus feet like an ash particle, I shall have deliverance!, O, blazing pillar of light, O, ocean of grace, transcendent, more subtle than ether, ordain that my burden be transferred to your care! I had enough of carrying this burden on my head.

(हे जीवन दाता) मैं आपके चरण कमलों की रज होकर समस्त बंधनों से मुक्त हो जाता हूँ। हे प्रकाशवान, प्रकाश! हे अनुग्रह के सागर आकाश से भी सूक्ष्म ऐसा वर प्रदान कीजिए कि आज तक मैने अज्ञान वश जिस भार (बोझ) को उठाये रखा, उसे मैं आपके प्रति समर्पित कर सकूं।

29. As the flowers from the har-singār tree fall to the ground when the sun rises, likewise I pray, my Lord, that my sorrows fall off at the very thought of You!

जैसे हरसिंगार के पुष्प सूर्योदय पर स्वतः भूमि पर गिर जाते हैं इसी तरह आपका ध्यान करने से मेरे समस्त दुःख नष्ट हो जायें।

30. As the river is not affected if a sparrow fills its beak and sun is not concerned when tremendous heat, light gas are evaporated every moment from it, so your tiniest gesture, of grace, being insignificant to you, means a Himalayan-peak to me, elevating me to heighest Reality!

जैसे पक्षी के किसी नदी से चोंच भर जल ग्रहण करने से जल में न्यूनता नही आती, जैसे सूर्य प्रतिपल अगणित प्रकाश युक्त अग्नि गैसें एवं अनेक पदार्थों को विखेरता है परन्तु उसमें न्यूनता नहीं आती। वैसे हे भगवन् आपके केवल पलक झपकने मात्र से ही मुझे हिमालय पर्वत जैसी दैविक सम्पत्ति प्राप्त हो जायेंगी।

# प्रार्थना करने के लाभ

## BENEFITS OF PRAYER

**1. Those who sincerely and devotedly repeat the eulogies and prayers to Lord Śiva, will get their worries and calamities removed, unfavourable influence of planets mitigated, their wishes fulfilled, their wealth multiplied, their happiness increased, and they will ultimately enjoy the Bliss of Cosmic Consciousness!**

१. शिव शक्ति पूजा कभी व्यर्थ नहीं जा सकती। यह योग एवं मोक्ष को प्रदान करने वाली है। यह दैविक शक्तियों की स्वामी है, वह अपने भक्तों को कभी भी नैराश्यता नहीं देती। क्योंकि वह सर्वशक्तिमान है एवं अत्यन्त कृपालू है इन्हें कृपा का अवतार भी कहा जाता है। इनके स्मरण मात्र से समस्त सुख एवं आनन्द की प्राप्ति हो जाती है एवं निरन्तर इनकी जप करने से मन कभी भी अशान्त नहीं होता। प्रार्थना प्रत्येक प्राणी अपने लाभ के लिए करता हैं। प्रार्थना करना ईश्वर पर प्राणी का कोई एहसान नहीं होता जीव जहाँ से आया उसी तत्त्व में लीन होने के लिए एवं सत् चिन्तन, सच्चा सुख प्राप्त करने के लिए प्रयत्नशील होता है।

**2. Pūja (worship) of Lord Śiva never goes fruitless. he is the giver of bhoga (enjoyment) and mokṣa (liberation). He is the Lord of cosmic foreces! He never disappoints his devotees, as He is both Merciful and Powerful! Reciting of His name is blissful and fruitful and the repetition of His name does not create any monotony or boredom. His worship grants health, wealth and makes the mind fearless, peaceful and ultimately leads to Samādhi!**

२. जो भगवान् को निस्वार्थ भाव से स्मरण करता है वह निष्काम भक्ति का लाभ उठाता है और एक साधन से सब कुछ सध जाता है। बिना मांगें उसकी हर शुभ इच्छा समय पर अर्न्तयामी भगवान् स्वयं ही पूर्ण कर देते हैं। उसके बच्चे समृद्ध, आज्ञाकारी

और धनवान् होते हैं और अन्त समय में वह प्रसन्नतापूर्वक संसार से पृथक् होते हैं एवं हँसते हुए तन छोड़ता है जब और लोग उसके जाने से दुःखी होते हैं अगर वह जन्म लेतें हैं तो वह अच्छी जगह जन्म लेते हैं और जहां से यात्रा छोड़ी थी वहां से भगवद् प्राप्ति के लिये फिर यात्रा शुरू कर देते हैं ।

**3. Those who worship Him without motive, without a desire for fruit (niṣkāma bhakti), will get all without asking at the appropriate time, their life will be smooth, their children will be brilliant, and they will lead a happy life. In the end they leave this world gracefully to be free or to be reborn in better environment to complete unfinished tasks.**

१. जो श्रद्धा, प्रेम और सच्चे हृदय से महामाया एवं भगवान् शिव की पूजा, उपासना एवं गुणगान करते हैं उनके समस्त दुःख भगवान् पवन की भाँति ले जातें हैं । उनके ग्रहों को कुप्रभावी भी कर देते हैं । उनको हर प्रकार् से प्रसन्नता एवं समृद्धि देते हैं ।

---

* **The author in these passages explains the benefits accruing by daily reciting the prayer of Lord Śiva.**

# शिव-महिम्न स्तोत्रम्

# THE FAMOUS CLASSICAL ŚIVA MAHIMAN STOTRAM

पुष्पदन्त उवाच

महिम्नः पारं ते परमविदुषो यद्यसदृशी
स्तुतिर्ब्रह्मादीनामपि तदवसन्नास्त्वयि गिरः ।
अथाऽवाच्याः सर्वः स्वमति-परिणामावधि गृणन्
ममाऽप्येषः स्तोत्र हर ! निरपवादः परिकरः ।। १ ।।

Puṣpadanta said -

1. O, Śiva, Though I know that even Brahmā is unable to describe your glory not to speak of other sages and seers, who are unable to comprehend, yet I am venturing to offer my sincere prayer through this Stotram, according to my frail understanding. Pray forgive all imperfections.

हे हर ! यदि आपकी अपार महिमा का पार न जानने वालों के द्वारा की गई आपकी स्तुति अनुचित हो तो ब्रह्मादि की भी वाणी आपकी महिमा के वर्णन के अयोग्य होगी (क्योंकि वे भी आपकी महिमा का पार नहीं पा सकते )। अतः अपनी-अपनी मति के अनुसार आपका गुणगान करने वाले किसी को भी बुरा नहीं कहना चाहिए, इसीलिए मैं भी इस स्तोत्र का प्रयास कर रहा हूँ ।

अतीत पन्थानं तव च महिमा वाङ्-मनसयो
रतद् व्यावृत्या यं चक्तिमभिधते श्रुतिरपि ।
स कस्य स्तोतव्यः कतिविधगुणः कस्य विषयः
पदे त्वर्वाचीने पतति न मनः कस्य न वचः ।। २ ।।

---

* English version by author.
* Hindi version by Shri 1008 Swami Krishna Giri

2. Your glory is beyond words and reach of mind, even Vedas are unable to fully comprehend and thus describe it 'Neti, Neti' (not this, not this). Who can sing your praises and describe your qualities? Absolute can not be the object of perception. Nevertheless, I am attempting this panegyric, because your manifest form, which you assume to shower blessings, is entrancing to all the devotees.

आपकी महिमा, वाणी और मन दोनों से अगम्य है। जिसे वेद भी पूरी व्याख्या न करने के कारण चकित होकर "नेति" "नेति" कहते हैं उसकी स्तुति कौन कर सकता है ? उसके गुण कैसे हैं ? वह कैसे समझा जा सकता है ? (तथापि में इसलिए स्तुति कर रहा हूँ कि, भक्तों पर अनुग्रह करने के लिये लीला से आपके द्वारा धारण किये) नवीन सगुण रूप के चरणों में किसका मन नहीं लगता ? किसकी वाणी समर्पित नहीं होती ?

मधुस्फीता वाचः परमममृतं निर्मितवत-
स्तव ब्रह्मन् ! किं वागपि सुरगुरोर्विस्मयपदम् ।
मम त्वेतां वाणी गुणकथनपुण्येन भवतः
पुनामीत्यर्थेऽस्मिन् पुरमथन ! बुद्धिर्व्यवसिता ।। ३ ।।

3. O, Almighty! Does the praise of Bṛhaspati even surprise you! You are the author of nectar-filled Vedas. I have ventured to recite your glories to purify my speech thereby.

हे प्रभो ! आप अत्यन्त माधुर्ययुक्त अमृतमय शब्दों (वेद) के निर्माता हो। क्या आपको सुरगुरु ब्रह्माजी की भी वाणी विस्मित कर सकती है ? हे पुरमथन ! मैं तो अपनी इस वाणी को आपके गुणकथन के पुण्य से पवित्र कर रहा हूँ। इसीलिए इस ओर बुद्धि लगाई है।

तवैश्वर्यं यज्जगदुदयरक्षा-प्रलयकृत्
त्रयीवस्तु-व्यस्तं तिसृषु गुणभिन्नासु तनुषु ।
अभव्यानामस्मिन् वरद ! रमणीयामरमणीं
विहन्तुं व्याक्रोशीं विदधत इहैके जडधियः ।। ४ ।।

4. O Giver of boons! As Almighty you create, sustain and dissolve the universe, according to three guṇas, (sattva, rajas and tamas) you appear as Brahmā, Viṣṇu and Rūdra, in these three aspects respectively, but these guṇas are combined in you, which fact is not easily understood by less intelligent people.

हे वरद ! आपका ईश्वर-भाव जगत् की रचना, पालन एवं संहार करता है-वही वेद-प्रतिपाद्य वस्तु परमात्मा सत्व, रज, तम इन विभिन्न गुणों के अनुसार विभक्त (ब्रह्मा, विष्णु, महेश) इन रूपों में विराजमान है। इतने पर भी, संसार में कुछ मंदबुद्धि, केवल अभद्रोचित अशोभनीय चिल्लाहट मचाकर, आपके ऐश्वर्य को घटाने का प्रयास करते हैं (क्योंकि वे इन तीनों रूपों में एकता नहीं समझते)।

किमीहः किं कायः स खलु किमुपायस्त्रिभुवनं
किमाधारो धाता सृजाति किमुपादान इति च ।
अतर्क्यैश्वर्ये त्वय्यनवसरदुःस्थो हतधियः
कुतर्कोऽयं कांश्चिन् मुखरयति मोहाय जगतः ।। ५ ।।

5. Why Almighty creates this universe, and how and for what purpose? Such questions are raised by some ignorant people to create doubts, ignoring the fact that your divine nature is beyond the reach of intellect.

वह परमेश्वर वास्तव में किस इच्छा से, किस शरीर से, किन साधनों से कौन से आधार पर, किस उपादान कारण से , इस त्रिभुवन को रचता है । इस प्रकार का अनवसर और दूषित कुतर्क, अतर्क ऐश्वर्य वाले आपके विषय में कुछ हत बुद्धि लोग जगत् को मोह में डालने के लिये प्रयास करते हुए पाये जाते हैं ।

अजन्मानो लोकः किमवयववन्तोऽपि जगता-
मधिष्ठातारं किं भवविधिरनादृत्य भवति ।
अनीशो वा कुर्याद् भुवनजनने कः परिकरो
यतो मन्दास्त्वां प्रत्यमरवर संशेरत इमे ।। ६ ।।

6. O, superior among gods! People are stupefied and idly question: Can a living being with physical body be free from the cycle of birth and death? Can creation be possible without a creator? Can any one create the planets and stars without possesing such power? But wise men firmly believe in your potency to create and manifest.

हे सुरेश्रेष्ठ ! ये सावयव लोक क्या जन्म-रहित हो सकते हैं ? क्या सृष्टि-क्रिया जगत् के अधिष्ठाता के बिना संभव है ? कोई अनीश्वर भुवनों की सृष्टि का उद्यम करेगा क्या ? फिर भी मूर्ख लोग आपके विषय में संशय करते हैं (विद्वान् तो सप्रमाण सिद्ध मानते हैं कि जगत् के जन्मदाता अधिष्ठाता, ईश्वर आप हैं) ।

त्रयी सांख्यं योगः पशुपतिमतं वैष्णवमिति
प्रभिन्ने प्रस्थाने परमिदमदः पथ्यमिति च
रुचीनां वैचित्र्यादृजु-कुटिल नानापथजुषां
नृणामेको गम्यस्त्वमसि पयसामर्णव इव ।। ७ ।।

7. Vedic philosophy, Sāṅkhya (propounded by Kapila), Yoga (propounded by Patañjali) Śaivism (Pāṣupata doctrine) Vaiṣṇavism, are various paths laid down for the people to choose according to their temperament. However diverse the paths may be' you are the supreme goal far each.

तीनों वेद, सांख्य, योग, शैव, वैष्णव, इस प्रकार की भिन्न-भिन्न पद्धतियों में "यह श्रेष्ठ है" "वह हितकर है", इस तरह रुचि-वैचित्र्य के कारण सीधे-टेढ़े अनेक मार्ग पर चलने वाले भक्तों के लिए एकमात्र गन्तव्य आप हो, जैसे सीधे-टेढ़े अनेक मार्गों से बहने वाले जल-निर्झरों का एकमात्र गन्तव्य समुद्र है ।

महोक्षः खटवाङ्गं परशुरजिनं भस्म फणिनः
कपालं चेतीयत्तव वरद ! यन्त्रोपकरणम् ।
सुरास्तां तामृद्धिं दधति तु भवद्भ्रूप्रणिहितां
न हि स्वात्मारामं विषयमृगतृष्णा भ्रमयति ।। ८ ।।

8. Your own possessions are simple and crude, like Nandi, snake, ashes, wooden piece, deer skin, parāsu, (axe) etc. but by your mere glance you can bless even the gods with great

treasures and means of enjoyment.. O Lord, sense objects do not delude you, who are absorbed in ecstasy of your own self.

हे वरदायक ! आपके तन्त्र-साधन तो ऐसी अकिंचन वस्तुएं हैं – जैसे नन्दी, खटवांग परशु, मृगचर्म, भस्म, सर्प और कपाल, परंतु आपकी कृपादृष्टि मात्र से देवगण अवर्णनीय समृद्धि पाते हैं । आप जैसे आत्माराम विषय की मृगतृष्णा के भ्रम में नहीं पड़ते (स्वयं परमेश्वर समृद्धि नहीं, देते हैं ) ।

ध्रुवं कश्चित् सर्वं सकलमपरस्त्वध्रुवमिदं
परो ध्रौव्याऽध्रौव्ये जगति गदति व्यस्तविषये ।
समस्तेप्येतस्मिन् पुरमथन तैवस्मित इव
स्तुवञ्जिह्रेमि त्वां न खलु ननु धृष्टा मुखरता ।। ९ ।।

9. O, Three-eyed One! Some say the universe is eternal some claim it is not so, yet some others maintain all is transitory, I am not perturbed by their different versions and eulogise your glory with full faith.

हे त्रिपुरारि ! कोई कहता है "सब नित्य है", तो दूसरा कहता है "सब अनित्य है" तीसरा कहता है कि "इस समस्त जगत् में नित्यता और अनित्यता दोनों धर्म सम्मिलित हैं"। इस प्रकार के कथनों से विस्मित--सा मैं तुम्हारी स्तुति करने में नहीं लजा रहा हूं, वाचाल को तो लज्जा छोड़नी ही पड़ती है ।

तवैश्वर्यं यत्नाद्यदुपरि विरञ्चिर्हरिरधः
परिच्छेतुं यातावनलमनलस्कन्धवपुषः ।
ततो भक्ति श्रद्धा-भरगुरु-गुणभ्दच्यां गिरिश ! यत्
स्वयं तस्थे ताभ्यां तव किमनुवृतिर्न फलति ।। १० ।।

10. Hail Girīśa! Your worship with humility and faith grants all boons. You are far away from those who approach you with pride and self conceit. You revealed yourself to Brahmā and Viṣṇu, when both prayed to you, having failed to recognise you in the pillar of Light!

हे गिरीश ! आपकी सेवा क्या-क्या फल नहीं देती ? जैसे कि, ब्रह्मा और विष्णु, दोनों तेज पुंजमूर्त्ति आपके ऐश्वर्य ( स्थूल

रूप) को इयत्ता से निश्चित करने के प्रयत्न करने पर सफल नहीं हुए, तब उन्होंने भक्ति श्रद्धा से भरपूर होकर आप की श्रेष्ठ स्तुति की और आप स्वयं उनके सम्मुख प्रकट हुए ।(उन्हें आपके साक्षात्कार का फल श्रद्धापूर्वक स्तुति से ही मिला, अपने प्रयास से नहीं ) ।

अयत्नादापाद्य त्रिभुवनमवैरव्यतिकरं
दशास्यो यद्वाहुनभृत रणकण्डूपरवशान् ।
शिरःपद्मश्रेणीरचितचरणाम्भोरुहबलेः
स्थिरायास्त्वद्भक्तेस्त्रिपुरहर विस्फूर्जितमिदम् ।। ११ ।।

11. O, three-eyed Lord! King Rāvaṇa offered his nine heads in worship, but when he was about to cut off his tenth head, you appeared and being pleased made him invincible. His twenty arms were filled with such prowess that he was always ready to fight.

हे त्रिपुरहर ! अपने दस सिरों की कमल-माला जिसने आपके चरणों पर चढ़ायी उस रावण की आपके प्रति अविचल भक्ति का यह प्रभाव हुआ कि अनायास उसके लिये त्रिभुवन में कोई वैर का कारण रखने वाला (प्रतिद्वन्द्वी) नहीं बचा और (इस कारण) उसकी बीसों बाहुओं की युद्ध करने की खुजली नहीं मिट पायी ।

अमुष्य त्वत्सेवासमाधिगतसारं भुजवनं
बलात् कैलासेऽपि त्वदधिवसतौ विक्रमयतः ।
अलभ्या पातालेऽप्यलसचलिताङ्गुष्ठशिरसि
प्रतिष्ठा त्वय्यासीद् ध्रुवमुपचितो मुह्यति खलः ।। १२ ।।

12. When king Rāvaṇa extended the valour of his arms, he forgot that all his strength was gained through your Grace. He tried to shake mount Kailāśa, but the mere tip of your toe threw him trembling down and he could not find a resting place in the nether world. So the ignorant become arrogant in affluence!

जिसकी बाहुओं को आपकी सेवा से ही बल मिला था, उस रावण ने जब कैलास को ही उठाकर लंका ले जाने का दुःसाहस

प्रारंभ किया तब आपके अंगुष्ठाग्र के कंपन-मात्र से उसे पाताल में भी स्थान नहीं मिल पाया । सच है कि समृद्धि पाकर दुष्टजन मोह में पड़ जाते हैं (और यह भूल जाते हैं कि किसके अनुग्रह से समृद्धि पाई) ।

यदृद्धिं सुत्राम्णो वरद ! परमोच्चैरपि सती-
मधश्चक्रे वाणः परिजन-विधेयस्त्रिभुवनः।
न तच्चित्रं तस्मिन् वरिवसितरि त्वच्चरणयो-
र्न कस्याऽप्युन्नत्यै भवति शिरसस्त्वय्यवनतिः ।। १३ ।।

13. O, Śiva, the Asura king, Bāṇa (son of Bali, grandson of Prahlāda) who was your devotee, could humble the prestige and pride of Lord Indra; it is not surprising at all, because bowing to your holy feet can bestow all kinds of prosperity and power.

हे वरदायक ! त्रिभुवन को दास बनाने वाले बाणासुर ने इन्द्र की परमश्रेष्ठ समृद्धि को भी नीचा दिखला दिया (उस प्रकार कोई और करता तो आश्चर्य होता, परन्तु) आपके चरणों में भक्तिपूर्वक नमन करने वाले के लिए यह फल पाना आश्चर्यजनक नहीं है, आपके प्रति विनम्र नमन कौन-कौन सी उन्नति नहीं प्राप्त करता ?

अकाण्ड-ब्रह्माण्ड-क्षय-चकित-देवासुरकृपा-
विधेयस्याऽऽसीद् यस्त्रिनयनविषं संहृतवतः ।
स कल्माषः कण्ठे तव न कुरुते न श्रियमहो
विकारोऽपि श्लाघ्यो भुवनभय-भङ्गः-व्यसनिनः ।।१४।।

14. O, Three-eyed One! You removed the apprehensions of untimely deluge (pralaya) at the time of churning of the ocean (samudra-manthana) when you swallowed the deadly poison (kalakūṭa), and hold it in your throat and became Nīl Kaṇtha (blue-throated). But, your blue throat enhances your grandeur and charm! Ah! you have turned a dreadful poision into an adornment!

हे त्रिलोचन । आरंभ में ही ब्रह्माण्ड के क्षय (महाप्रलय की आशंका से डरे हुए देवताओं एवं असुरों पर कृपा करके

(समुद्रमंथन से उद्भूत) विष को आपने पी लिया जिससे आपके कण्ठ में कल्मष दिखाई देता है। हे नीलकण्ठ ! आश्चर्य है कि यह अंग भी आपकी शोभा को बढ़ाता है, त्रिलोक के भय को मिटाने वाले का दूषण भी भूषण हो जाता है।

असिद्धार्था नैव क्वचिदपि सदेवासुरनरे
निवर्तन्ते नित्यं जगति जयिनों यस्य विशिखाः ।
स पश्यन्नीश ! त्वामितर-सुरसाधारणमभूत्
स्मरः स्मर्तव्यात्मा न हि वशिषु पथ्यः परिभवः ।। १५ ।।

15. Kāmadeva's (cupid) arrows of lust, which have effect equally on all men, gods and demons, failed to affect you and he was reduced to ashes when he tried his shafts on you! Showing of disrespect to the self-controlled will always be harmful!

हे ईश ! जिसके बाण देवता, असुर, मनुष्य किसी पर भी विफल नहीं होते, अपितु संसार में सर्वदा जयी होते हैं। उस कामदेव ने जब आपको अन्य देवताओं के समान समझा तो तत्काल ही केवल स्मरणीय रह गया (भस्म हो गया) जितेन्द्रियों की पराजय कभी संभव नहीं।

मही पादाघाताद् व्रजति सहसा संशयपदं
पदं विष्णोर्भ्राम्यद् भुजपरिध-रुग्ण-ग्रहगणम् ।
मुहुर्द्यौर्दौस्थ्यं यात्यनिभृत-जटा-ताडित-तटा
जगद्रक्षायै त्वं नटसि ननु वामैव विभुता ।। १६ ।।

16. O, Almighty! When you were absorbed in Tāṇḍava dance the earth trembled beneath your feet. By movement of your mighty arms and legs, loose locks of hair, stars, planets in space were in trepidation. Super - abundance of power causes shock and alarm.

हे ईश ! आप जगत् की रक्षा के लिए ताण्डव नृत्य करते हैं- परन्तु आपके चरणों के आघातों से पृथ्वी संकट में पड़ जाती है। आपकी घूमती हुई भुजाओं के प्रहारों से नक्षत्र-ग्रह- संकुल आकाश भी पीड़ित होता है और आपकी असंयत खुली हुई

जटाओं से ताड़ित होने के कारण स्वर्गलोक भी दुःस्थिति में पड़ा जाता है । सच है कि प्रभुता विलक्षण ही होती है ( प्रतिकूल-सी दिखती है) ।

वियद्व्यापी तारागणगुणितफेनोद्गमरुचिः
प्रवाहो वारां यः पृषतलघुदृष्टः शिरसि ते ।
जगद्द्वीपाकारं जलधिवलयं तेन कृतमि-
त्यनेनैवोन्नेयं धृतमहिम दिव्यं तव वपुः ।। १७ ।।

17. The white shining foam on the banks of celestial river, Mandākinī, which enhances the beauty of the Milky-Way in space, when descended in torrent on your locks of matted hair, as Gāṅga, seems no more than a drop of water on your head. This is a tiny glimpse of your Viśvarūpa (universal form)!

आकाशव्यापी यह जलप्रवाह (मन्दाकिनी) जिसके शुभ फेन की कांति को तारागण बढ़ाते हैं । आपकी जटा पर केवल एक जलबिन्द् के समान लघु दिखता है परन्तु उसी प्रवाह से यह विशाल जगत् सप्त द्वीपों के आकार का बना है । और समुद्रों से घिरा है (अगस्त्य ने सप्त समुद्र पी लिये थे तब भागिरथी के जल से ही वे पूरित हुए-इस कृपा के अनुसार) । इसी से यह अनुमान लगाया जा सकता है कि आपके दिव्य शरीर की महिमा कितनी है ।

रथः क्षोणी यन्ता शतधृतिरग्रेन्द्रो धनुथो
रथाङ्गे चन्द्राऽर्कौ रथचरणपाणिः शर इति ।
दिधक्षोस्ते कोऽयं त्रिपुरतृणमाडम्बरविधि-
र्विधेयैः क्रीडन्त्यो न खलु परतन्त्राः प्रभुधियः ।। १८ ।।

18. You could have destroyed the three cities (the three cities of the three sons of a demon) like a straw by your mere glance, but you made a show by engaging earth as chariot. Brahmā as charioteer, the great mountain Meru as bow, sun and moon as wheels of the chariot and the weilder of Discus (Viṣṇu) as an arrow. It is wrong to assume that you need such equipments to accomplish the task. You engaged them just in a playful spirit, and to give them some credit as a gesture of courtesy.

तृण के समान अनायास भस्म होने वाले त्रिपुर के नाश के लिये आपने यह कैसा आडम्बर फैलाया था–कि पृथ्वी को रथ, ब्रह्मा को सारथि, मेरुपर्वत को धनुष, चंद्रसूर्य को रथचक्र और चक्रपाणि विष्णु को बाण बनाया । वास्तव में प्रभु की संकल्पशक्ति ऐसे कार्यों में क्रीड़ा करती है, साधनवश है ऐसा नहीं समझना चाहिए ।

हरिस्ते साहस्रं कमलबलिमाधाय पदयो
र्यदेकोने तस्मिन्निज-मुदहरन्नेत्रकमलम् ।
गतो भक्त्युद्रेकः परिणतिमसौ चक्रवपुषा ।
त्रयाणां रक्षायै त्रिपुरहर ! जागर्ति जगताम् ।। १९ ।।

**19. O, Killer of Tripura! When one lotus flower was missing from the offering of a thousand lotuses, Lord Visnu placed one of his lotus-like eyes to complete the offering. Being pleased with such devotion, you gifted him with the flying discus (sudarshan-cakra) with which He protects the three worlds.**

हे त्रिपुरहर ! सहस्रकमल की भेंट में एक कमल कम पड़ने पर (जिसे भक्ति की परीक्षा के लिए आपने ही छिपा दिया था) श्री विष्णु ने अपने नेत्रकमल को ही (संख्या पूरी करने के लिए) निकाल लिया यही अत्युत्कट भक्ति सुदर्शनचक्र के रूप में परिमत होकर जगत् की रक्षा के लिये आज भी जागरुक है ।

क्रतो सुप्ते जाग्रतमसि फल योगे क्रतुमतां
क्व कर्म प्रध्वस्तं फलति पुरुषाराधनमृते ।
अतस्त्वां सम्प्रेक्ष्य क्रतुषु फलदानप्रतिभुवं
श्रुतौ श्रद्धां बद्धवा दृढ़परिकरः कर्मसु जनः ।। २० ।।

**20. While performing sacrifices people offer you their respectful worship with confidence. Their faith increases on knowing that your blessings will surely bring about the desired results, because you are always vigilant about your devotees' endeavours and they are aware that no sacrifice will yield results without devotion to you!**

योगादि कर्म (स्वभावतः) नष्ट हो जाते हैं। (फिर भी) इन कर्मों का फल दिलाने का ध्यान आप सदैव रखते हो। परमपुरुष की आराधना के बिना, ऐसा विनष्ट कर्म कहां फल दे सकता है, यह सुनकर और इन कर्मों का फल दिलाने के लिए प्रतिभ (जमानतदार) के रूप में आपको देखकर, सज्जन श्रुति रखते हैं। श्रौतस्मार्तकर्मों के अनुष्ठान में उद्यत रहते हैं। यजमान आप से इन सत्कर्मों का फल प्राप्त कर लेने के दृढ़ विधान के आधार पर इनमें प्रवृत्त होते हैं।

क्रियादक्षो दक्षः क्रतुपतिरधीशस्तनुभृताम्
ऋषीणामार्त्विज्यं शरणद ! सदस्याः सुरगणाः।
क्रतुभ्रंषस्त्वत्तः क्रतुफल-विधान-व्यसनिनो
ध्रुवं कर्तुः श्रद्धा-विधुरमभिचाराय हि मखाः ॥ २१ ॥

21. O, Giver of refuge! The yajña performed by Dakṣa Prajāpati (father of Satī, and expert in sacrificial rites) with ṛṣis as priests and other gods as supervisors was destroyed by you, because it was devoid of devotion to you. Surely the sacrifice was futile in the absence of Devādhi-Dev-Mahādeva, as was decreed by your consort Satī before she consigned herself to the yajña flames.

हे शरणद ! जिस यज्ञ में यज्ञविधि में प्रवेश दक्ष प्रजापति स्वयं यजमान थे, ऋषिगण अध्वर्यु थे और ब्रह्मादि देवता सदस्य थे उस यज्ञ का भी ध्वंस, यज्ञ का फल दिलाने के कृतसंकल्प आपके ही द्वारा हुआ। निश्चय ही श्रद्धाविरहित यज्ञों से यजमान का नाश ही होता है ॥

प्रजानाथं नाथ ! प्रसभमभिकं स्वां दुहितरं
गतं रोहिद् भूतां रिरमयिषुमृष्यस्य वपुषा।
धनुष्पाणेर्यातं दिवमपि सपत्राकृतममुं
त्रसन्तं तेऽद्यापि त्यजति न मृगव्याधरभसः ॥ २२ ॥

22. Lord Brahmā was charmed by his own creation in the form of his daughter (Śatarūpā). When he did not forsake his impure motive even after she disguised herself as she-deer, you protected her honour by assuming the form, of a hunter (Pinakapāṇī). In constellation Mrigaśira Nakṣatra is being

followed by Ārdra Nakṣtra even today!

अपनी ही कन्या (शतरूपा) को उसके मृगीरूप धारण कर लेने पर भी, मृगरूप में उससे रमण करने की इच्छा वाले और हठपूर्वक कामुकता के कारण नक्षत्रलोक में जाने वाले, ब्रह्मा को दण्डित करनें के लिए आपका चढ़ा हुआ बाण शरीर में घुस कर त्रस्त करता हुआ आज भी नहीं छोड़ता है। पिनाकपाणि ने व्याघ का रूप धारण करके ब्रह्मा को इस कामुकता के लिये आज भी दण्डित कर रखा है। इसी कारण मृगशिरा नक्षत्र के पीछे आद्रा नक्षत्र के रूप में तना हुआ धनुष-बाण आज भी आकाश में दिखता है।

स्वलावण्याशंसा धृतधनुषमह्नाय तृणवत्
पुरः प्लुष्टं दृष्ट्वा पुरमथन ! पुष्पायुधमपि ।
यदि स्त्रैणं देवी यमनिरतदेहार्धघटना-
देवैति त्वामद्धावत वरद ! मुग्धा युवतयः ।। २३ ।।

23. O, Destroyer of Tripura! Out of pity for stren austerities, you offered half of your body to your spouse (Pārvatī) but, none should ever suffer from the wrong impression that you are infatuated by her, (Parvati's beauty), since you destroyed the Kamadeva (cupid) in her very presence.

हे पुरमंथन ! योगीश्वर (यमनियमादि-अष्टांग योग-प्रवीण) । पार्वती के रूप-लावण्य के बल पर ही आपके विरुद्ध धनुष चढ़ाने का साहस करने वाले कामदेव को आंखों के सामने तत्काल भस्म हुआ देखकर भी यदि देवी पार्वती कभी-कभी अर्द्धनारीश्वर रूप धारण करने के कारण आपको स्त्री -वश मानती है, तो (यही कहना होगा कि) युवतियाँ मुग्ध होती हैं (तत्त्व नहीं समझतीं) यह खेद है।

श्मशानेष्वाक्रीडा स्मरहर ! पिशाचाः सहचरा-
श्चिताभस्मालेपः स्रगपि नृकरोटी परिकरः ।
अमङ्गल्यं शीलं तव भवतु नामैवमखिलं
तथाऽपि स्मर्तृणां वरदं परमं मङ्गलमसि ।। २४ ।।

24. O, Destroyer of cupid, O, Giver of boons! Your playground is the cremation ground and your companions are goblins. You besmear your body with ashes of the burnt bodies, and wear a garland of skulls around your neck. Though, all things about you appear ugly and hideous, yet you are the most auspicious and beneficient Lord!

हे मदनदहन ! श्मशानों में क्रीड़ा, पिशाचों के साथ विचरण, चित्ताभस्म का शरीर पर लेप, नरमुण्डों की माला पहन और ऐसे-ऐसे और भी आपके सब व्यवहार मगंल के विपरीत भले ही ( प्रतीत) हों, परंतु हे वरदाता, स्मरण करने वाले भक्तों के लिए आप परम मंगलमय ही हैं ।

मनः प्रत्यक्चित्ते सविधमवधायात्तमरुतः
प्रहृष्यद्रोमाणः प्रमदसलिलोत्सङ्गितदृशः ।
यदालोक्याह्लादंह्रद इव निमज्जयामृतमये ।
दधत्यन्तस्तत्वं किमपि यमिनस्तत्किल भवान् ।। २५ ।।

25. You are the ultimate Reality which all seekers reach after long strenuous yogic discipline and breath-control. In the process they are thrilled and their eyes are filled with tears of joy. On full realization the seekers are merged in bliss indescribable!

मन को यमनियादि से विधिपूर्वक अन्तर्मुख करके (इन्द्रिय विषयों से हटाकर), प्राणायाम के द्वारा समाधिस्थ संयमी पुलकित होते हैं और उनके नेत्र हर्षाश्रूपूर्ण हो जाते हैं । उस समय वे अमृत सरोवर में गोता-सा लगाकार जिस अवर्णनीय तत्त्व का साक्षात्कार करते हैं और जिस आह्लाद को वे अन्तःकरण में धारण करते हैं, वह आप ही हैं ।

त्वमर्कस्त्वं सोमस्त्वमसि पवनस्त्वं हुतवह-
स्त्वमापस्त्वं व्योमत्वमु धरणिरात्मा त्वमिति च ।
परिच्छिन्नामेवं त्वयि परिणता विभ्रतु गिरं
न विद्मस्तत् तत्वं वयमिह तु यत्त्वं न भवसि ।। २६ ।।

26. Wise men and intellectuals may discuss about you in different ways calling you with different names and elements,

but I feel that there is nothing in this vast universe which is not pervaded by you!

विद्वान् भले ही आपके बारे में इस प्रकार की वाणी का प्रयोग करें जिससे आपके परिच्छिन्न (व्यस्त) रूपों का प्रतिपादन हो जैसे कि आप सूर्य है, आप चंद्र हैं, पवन हैं, आप अग्नि हैं, आप जल हैं, आप आकाश हैं, आप ही पृथ्वी हैं, आप आत्मा हैं आदि । हम तो इस जगत् में कोई ऐसा तत्त्व नहीं जानते जो आप नहीं है ।

त्रयीं तिस्रो वृत्तीस्त्रिभुवनमथो त्रिनपि सुरा
नकाराद्यैर्वर्णैस्त्रिभिरदघतीर्णविकृतिः ।
तुरीयं ते धाम ध्वनिभिरवरुन्धानमणुभिः
समस्तं व्यस्तंत्वां शरणद ! गृणात्येमिति पदम् ।। २७ ।।

27. O Giver of Refuge! The three vedas (Ṛg, Sām and Yajur), three states (waking, dreaming and sleeping), three lokas, (Bhuh, Bhava, Svah) and Trinity (Brahmā, Viṣṇu and Rudra) and the three letters of AUM, all point to your manifest and unmanifest forms in this vast universe.

हे वरणदाता ! तीन वेदों (साम, यजुः ऋक् ), तीन अवस्थाओं (जाग्रत, स्वप्न, सुषुप्ति) तीनों भुवनों (भू-भुवः-स्वः) और तीनों देवों (ब्रह्मा, विष्णु , महेश) को अ-उ-म् इन तीन वर्णों से (सर्व-विकारतीत अवस्था-त्रय से परे) बोध कराने वाला- तथा आपके चतुर्थ अखण्ड-चैतन्यात्मक स्वरूप का भी बोध कराने वाला -ॐ यह पद रूप में भी, और व्यस्त रूप में भी, आप ही को प्रतिपादित करता है ।

भवः शर्वो रुद्रः पशुपतिरथोग्रः सह महां
स्तथा भीमेशानाविति यदभिधानाष्टकमिदम् ।
अमुष्मिन् प्रत्येकं प्रविचरति देव श्रुतिरपि
प्रियायाऽस्मै घाम्ने प्रणिहित-नमस्योऽस्मि भवते ।। २८ ।।

28. O, Lord! You are named Bhava, Śarva, Rūdra, Paśupati, Ugra, Mahādeva, Bhīma and Aśani in Vedas. I humbly offer salutations to the Lord Almighty of thousand names, who is

self-luminous and omnipotent.

हे देव ! भव शर्व रूद्र पशुपति उग्रमहादेव भीम वं ईशान इस प्रकार जो आपके आठ नाम हैं । उनमें से एक-एक का बोध वेद भी विशेष रूप से कराते हैं, इस प्रकार स्वप्रकाश, चिद्रूप, प्रिय महेश्वर के लिए तो नमस्कार ही अर्पित करता हूँ । (इससे अधिक मेरी क्या सामर्थ्य है) ।

नमो नेदिष्ठाय प्रियदव ! दविष्ठाय च नमः।
नमः क्षोदिष्ठाय स्मरहर ! महिष्ठाय च नमः ।
नमो वर्षिष्ठाय त्रिनयन ! यविष्ठाय च नमो
नमः सर्वस्मै ते तदिदमिति शर्वाय च नमः ।। २९ ।।

29. O, Dweller of Solitude! You are nearest to the near, farthest to the farthest. I salute you who reduces Kāmadeva to ashes! I salute you in the lowest and the highest! I salute you as the youngest and the eldest. I salute you in all shapes and forms! I salute you feeling and knowing you as omnipresent and omniscient and as transcending all!

हे निर्जनवनविहार प्रिय ! अत्यंत निकटवर्ती और अत्यते दूरवर्त्ती आपको नमस्कार है । हे कामांतक ! अतिक्षुद्र रूप में तथा अति महान् रूप में भी आपको नमस्कार है । हे त्रिलोचन, अतिवृद्ध और अतियुवा रूप में भी आपको नमस्कार है । (किंवहूना) सर्वरूप में आपको नमस्कार है । "यह सब वही है"* इस प्रकार सर्व जानकर आपको नमस्कार है ।

बहलरजसे विश्वोत्पत्तौ भवाय नमो नमः
प्रबलतमसे तत्संहारे हराय नमो नमः ।
जनसुखकृते सत्वोद्रिक्तौ मृडाय नमो नमः ।
प्रमहसिपदे निस्त्रैगुण्यै शिवाय नमो नमः ।। ३० ।।

